अमर उजाला 18/02/2026

जीएमएन कॉलेज को मिला अवॉर्ड

अंबाला। जीएमएन कॉलेज को प्रतिष्ठित चेंज मेकर अवॉर्ड–2026 से सम्मानित किया गया। इसके तहत कॉलेज को दो सम्मान प्राप्त हुए हैं। यह सम्मान नेशनल एडू ट्रस्ट ऑफ इंडिया द्वारा प्रदान किए गए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त को उनके उत्कृष्ट नेतृत्व, दूरदर्शी प्रशासन और संस्थागत उत्कृष्टता में उल्लेखनीय योगदान के लिए सर्टिफिकेट ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त कॉलेज को चेंज मेकर अवॉर्ड इंस्टीट्यूट कैटेगरी के अंतर्गत 10 संस्थानों में स्थान मिला है। संवाद